पीलीभीत: अब पूरनपुर में पकड़ी गई नकली खाद, 88 कट्टे किए बरामद



**पूरनपुर, अमृत विचार।** बंडा रोड पर मंगलवार को घाटमपुर के पास गजरौला जप्ती में एक गोदाम में नकली डीएपी बनाने की सूचना जिला कृषि अधिकारी नरेंद्र कुमार को मिली। इस पर एडीओ पंकज कुमार, एसडीएम अजीत प्रताप सिंह, तहसीलदार वीरेंद्र कुमार संग गोदाम पर पहुंच छापा मारा गया। गोदाम में बाहर से ताला लगा हुआ था।

अधिकारियों ने वीडियोग्राफी करते हुए गोदाम का ताला तोड़ा। गोदाम के अंदर 88 कट्टे नकली डीएपी बरामद हुई। इसके अलावा भारी मात्रा में खाद जमीन पर भी बिखरी गई थी, जिससे सब जाहिर हो रहा था कि गोदाम में लंबे समय से नकली खाद बनाने का काम चल रहा है। हालांकि गोदाम से अधिकारियों को महज 88 कट्टे ही डीएपी खाद बरामद हुई है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने खाद को कब्जे में ले लिया। उसका सैंपल जांच के लिए भेजा गया है। जिला कृषि अधिकारी नरेंद्र कुमार ने बताया कि गोदाम से पकड़ी गई डीएपी संदिग्ध है। प्रथम दृष्टया यह नकली लग रही है। यहां से जेनरेटर और खाद बनाने की अन्य रासायनिक सामग्री मिली है। छापेमारी के दौरान पुलिस भी मौजूद रही। छापेमारी को लेकर खलबली मची रही।

**बैंक से बंधक है गोदाम**

मंगलवार को जिस बंद गोदाम में छापेमारी की गई वह एक बैंक से बंधक है। लंबे समय से बंद होना बताया जा रहा है। यह गोदाम किसका है और उसमें नकली खाद बनाने का कारोबार कौन कर रहा था। अधिकारी इसकी जांच पड़ताल कर रहे हैं। छापेमारी की सूचना मिलते ही बैंक के अधिकारी भी पहुंच गए और छानबीन में जुट गए।

Source: https://www.amritvichar.com/article/506984/pilibhit-now-fake-fertilizer-caught-in-puranpur-88-bags-recovered%C2%A0#